दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 5 मई को सायं 5 बजे से 7 मई मतदान समाप्ति तक जिले की मदिरा दुकानें रहेगी बंद

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित समस्त देशी मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ), कंपोजिट मदिरा दुकानों (सी.एस.-2 घघ कंपोजिट), विदेशी मदिरा दुकानों (एफ.एल.-1 घघ), होटल बारों (एफ.एल.-3) तथा देशी मदिरा भंडारण भाण्डागार को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व (दिनांक 5 मई 2024 को सायं 5.00 बजे)से लेकर 07.05.2024 को मतदान समाप्ति तक पूर्णत: बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है। उक्त शुष्क अवधि में मदिरा का संपूर्ण संव्यवहार प्रतिबंधित रहेगा।

### शादी का झांसा देकर नाबालिक से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**कोरिया (आरएनएस)।** एक नाबालिक लडक़ी को शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित लडक़ी ने 30 अप्रेल को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि माह अगस्त 2023 में नावापारा गांव के बागर सिंह के नाती के अन्प्राशन कार्यक्रम में अपने चाची तथा महराजपुरहीन दीदी के साथ में गई थी। जहां इसकी मुलाकात आरोपी छबीलाल से हुई और तभी से दोनो में दोस्ती हो गई। इसके बाद आरोपी ने छबिलाल ने पीड़ित से यह कहकर कि, मैं तुम्हे पसंद करता हूं और तुमसे शादी करना चाहता उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाये। जिससे नाबालिक पीड़िता गर्भवती हो गई। जिसके बाद आरोपी ने शादी करने से इंकार करर दिया। जिसपर पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। और मामले की जांच के बाद आरोपी छबिलाल को धारा - 363, 366, 376, 376 (क), (ख), 376 (2), (द) भादवि. एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया है।

### बाराती बग्गी में रखे जेवर व नकदी रकम के बैग पार

**रायपुर (आरएनएस)।** बारात जाते समय बग्गी में जेवर व नकदी रकम से भरे बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ईश्वर प्रसाद हरीत 62 वर्ष हर्षित नगर टाटीबंध का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के बेटे के शादी में बग्गी में सवार होकर दुल्हा बारात जा रहा था, तभी सुमीत बाजार के पास लाखेनगर में अज्ञात चोर ने बग्गी में रखे बैग को पार कर दिया। बैग में सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 50 हजार रुपए रखा था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** गोबरा नवापारा पुलिस ने सोशल मीडिया पर अश£ील वीडियो अपलोड करने वाला युवक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली कि मोबाइल क्रमांक 9827004109 के धारक गौतम साहू ने विभिन्न सोशल मीडिया फेसबुक में महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील विडियो अपलोड किया है। जिससे पुलिस ने आरोपी को आईटी की धारा 67 बी के तहत हिरासत में लिया है।

# सफलता पूर्वक मतदान संपन्न कराने सभी नोडल अपनी तैयारी कर लें पूरी -कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

## सभी मतदान केन्द्रों में छाया के लिए टेंट, पेयजल व ओआरएस की होगी व्यवस्था

- मतदान सामग्री वितरण, दलों की रवानगी, मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर दिए दिशा-निर्देश
- मतदान की तैयारियां अंतिम चरण पर, कलेक्टर गोयल ने नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर की गहन समीक्षा

**रायगढ़**





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने 7 मई को लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान के पूर्व सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर अंतिम चरण पर चल रही तैयारियों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर गोयल ने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का होता है। जिसे सफलता पूर्वक संपन्न कराने काफी बड़ा मैनपावर लगा होता है। मतदान की तैयारियों के लिए पूरा प्रशासनिक अमला पिछले कई दिनों से लगा हुआ है। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है। अत: आप सभी से अपेक्षा रहेगी कि समय पूर्व अपनी तैयारी पूरी कर लें, जिससे निर्वाचन का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, एडीएम संतन देवी जांगड़े एवं अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया हेतु टेंट, पेयजल, ओआरएस, उपलब्धता अनुसार शर्बत अथवा नींबू पानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए है। सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व उनके अधीनस्थ अधिकारियों को मतदान से एक दिन पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। मतदाताओं के लिए केन्द्रों में शौचालय, दिव्यांगजनों के लिए रैम्प व व्हीलचेयर की सुविधा मुहैय्या कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों में वायरिंग की जांच कर ली जाए, कही पर लूज वायर न हो। सामग्री वितरण स्थल पर मतदान दलों की सूची अलग-अलग स्थानों पर चस्पा करें जिससे सामग्री वितरण के लिए लोग आसानी से अपने काउंटर पर उपस्थित हो सके। उन्होंने माइक्रो आब्जवर्स के लिए अलग काउंटर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के लिए मतदान दल सुबह से ही पहुंचने लगेंगे, उसके पहले सभी अधिकारी-कर्मचारी समय से अपनी ड्यूटी पर तैनात हो जाए, जिससे सामग्री वितरण का कार्य जल्द संपन्न हो सके। किसी प्रकार की दिक्कत आये तो तत्काल उच्च अधिकारियों से संपर्क कर समस्या का समाधान करें। उन्होंने सेक्टर ऑफिसर्स द्वारा दिए जाने वाले रिपोर्टिंग को भी समय से भेजने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने मतदान दलों के आवागमन हेतु पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था, उक्त वाहनों की फिटनेस, गाडिय़ों में मेडिकल किट व फस्ट एड बॉक्स की व्यवस्था के निर्देश दिए। मतदान सामग्री वितरण स्थल केआईटी में व्यवस्थित पार्किंग तैयार करने के लिए कहा। मतदान दल की रवानगी व वापसी के समय भारी वाहनों की आवाजाही व ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए जवानों को तैनात करने के निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बस व छोटे वाहन मिलाकर 600 से अधिक गाडिय़ां चुनाव ड्यूटी में तैनात रहेंगे। कलेक्टर गोयल ने सभी बस ड्रायवरों को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए निर्देशित करने के लिए कहा। इसी के साथ सभी मतदान दलों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी दवाईयों वाला मेडिकल किट देने के लिए कहा व स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी डॉक्टर व मेडिकल स्टॉफ 6 से 8 मई तक पूरे समय ड्यूटी पर रहने के निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज को भी किसी भी आपातकालीन स्थिति को लेकर जरूरी तैयारियों के साथ अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

बैठक में आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का लिया गया जायजा

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को गढ़उमरिया केआईटी स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान विधानसभा वार मतदान दलों के आने-जाने के रास्ते, फोर्स की तैनाती पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई।

सबसे पहले रायगढ़ एवं लैलूंगा विधानसभा के मतदान दलों की एंट्री एवं एग्जिट प्वाइंट से लेकर स्ट्रांग रूम और रास्तों के बीच फोर्स की तैनाती को देखा गया। इसके बाद प्रथम तल स्थित लैलूंगा विधानसभा के स्ट्रांग रूम बैरिकेट्स के स्थिति आदि की जानकारी ली गई। इसी तरह पीछे के रास्ते से खरसिया विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों की एंट्री और एग्जिट प्वाइंट का निरीक्षण किया गया। परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे की स्थिति और मॉनिटर पर प्रदर्शित वीडियों की जानकारी ली गई। इस दौरान सीसीटीवी को चारों विधानसभा के स्ट्रांग रूम पर फोकस करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह पैदल घूम कर पार्किंग स्थल एवं पार्किंग स्थल से स्ट्रांग रूम तक की पहुंच की जानकारी भी ली गई। इस दौरान हाईवे से लगे पार्किंग एंट्री पॉइंट को बढ़ाने और टू-व्हीलर, फोर व्हीलर, बस आदि वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग चिन्हांकित करने के निर्देश ट्रैफिक डीएसपी को दिए गए। पुलिस अधीक्षक पटेल ने मतदान दलों द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए सामग्री लेने एवं सामग्री छोडऩे निर्धारित वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही वाहनों के पार्क होने के लिए लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट संबंधित व्यवस्था करने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डीएसपी अखिलेश कौशिक, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा, तहसीलदार लोमेश मिरी, एसडीओपी पीडब्ल्यूडी नायक, आरआई अमित सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने ली चुनाव ड्यूटी के लिए आए पैरामिलिट्री अफसरों की बैठक

- बैठक में जिले की भगौलिक स्थिति, मतदान केन्द्रों और चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों पर हुई चर्चा
- निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पुलिस अधीक्षक दिए महत्वपूर्ण निर्देश

**रायगढ़**



जिले में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए आये 11 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियों के अफसरों के साथ आज पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया था।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सेंट्रल फोर्स के अफ़सरों को जिले की भौगोलिक स्थिति, मतदान केन्द्रों, ऑब्जर्वर, निर्वाचन अधिकारियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्ट के रूकने के स्थान, रूट प्लान, पोलिंग डे ड्यूटी और अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी को लेकर अफसरों से चर्चा किये और प्रशासन व पुलिस की तैयारियों की जानकारी दिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सामान्य और संवेदनशील श्रेणी के मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। अधिकतर बूथों को सीसीटीवी लैस किया गया है। प्रशासन और पुलिस सभी विभागों के साथ कार्डिनेशन बनाकर कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव ड्यूटी में अर्धसैनिक बलों किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नंबर साझा किए।

पुलिस अधीक्षक बताये कि जिले में संपन्न हुए पूर्ववर्ती चुनावों में कोई बड़ी चुनावी घटना या कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं देखी गई है। जिले के मतदाता प्रशासन और सुरक्षाबलों का सहयोग करते हैं। उन्होंने सुरक्षाबलों को चुनाव में निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों को संपादित करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने धरमजयगढ़ और लैलूंगा विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में हाथियों का विचरण की जानकारी दिये और बताये कि जब तक हाथियों को ना छेड़े वे नुकसान नहीं पहुंचाते। हाथियों को ना छेड़े वनविभाग के कर्मचारी, हाथी रक्षा दल, पुलिस के जवान उन्हें नियंत्रित कर दूर करेंगे। उन्होंने फोर्स के अधिकारियों को उनके जवानों के ठहरने और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस नोडल अधिकारी डीएसपी अखिलेश कौशिक से सीधे संपर्क करने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक बताये कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को बनाये रखने चुनाव दौरान सुरक्षाबलों की अहम भूमिका होती है, सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पूर्णत: पालन करें। जिले में भयमुक्त वातावरण में पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने जिला प्रशासन व जिला पुलिस बल प्रतिबद्ध है। बैठक में हेड क्वाटर डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी ट्राफिक रमेश चन्द्रा, आरआई अमित सिंह, निरीक्षक सीताराम ध्रुव, प्रशांत राव आहेर एवं 11 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

## हल्दी-चावल देकर 7 मई मतदान के लिए न्यौता दे रही समूह की महिलाएं

- मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

**रायगढ़**



विकासखण्ड तमनार के ग्राम-टिहली रामपुर में गजब का नजारा देखने को मिल रहा है, जहां शादी समारोह के अवसर पर लोग अपने रिश्तेदारों एवं सगे-संबंधियों को घर-घर जाकर गुड़-हल्दी देकर शादी में आने का न्यौता देते है, ठीक इसी तरह बीते दो दिनों से स्व-सहायता समूह की महिलाएं पूरी उत्साह के साथ गांव के एक-एक घर में जाकर हल्दी-चावल देकर 7 मई को मतदान के लिए बूथ में आने का न्यौता दे रही है। इस दौरान समूह की महिलाएं सुबह-शाम लोगों के घरों में जाकर मतदान के महत्व को बता रही है और शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर मतदाता होने पर गर्व महसूस करने की बात कह रही है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र के लिए 7 मई 2024 मंगलवार को जिले में मतदान होना है। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और लोगों को सौ-फीसदी मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में भी गांव की सक्रिय महिला बिरजिनिया तिर्की और पशु सखी कैथरीना कुजूर भी घर-घर जाकर मतदान के लिए न्यौता दे रही है। वहीं गांव में महिलाओं को इकट्ठा करते हुए निर्वाचन के दौरान हमें अपने मताधिकार का प्रयोग क्यों करना चाहिए है, इसके बारे में समझा रही है। साथ ही महिलाओं को मतदान के लिए शपथ भी दिला रही है।

**मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान**

मतदान के दिन ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा- आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

**दिव्यांग एवं वृद्धजनों के लिए मतदान केन्द्र पर रहेगी आवश्यक सुविधाएं**

7 मई मतदान के लिए सभी मतदान केन्द्रों में दिव्यांगों एवं वृद्धजनों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएगी। इस कड़ी में मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हील चेयर, परिवहन सुविधा समेत कई व्यवस्थाएं की जा रही हैं। साथ ही प्रत्येक पोलिंग बूथ पर पेयजल, धूप से बचने के लिए शेड, मेडिकल किट, शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## श्रमिक दिवस पर श्रमिकों के साथ लिया गया सामूहिक मतदाता शपथ




**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए सीईओ प्रज्ञा यादव के नेतृत्व में जनपद पंचायत बरमकेला के सभी ग्राम पंचायतों में सचिव, रोजगार सहायक, सक्रिय महिला के माध्यम से श्रमिकों के कार्यस्थल पर जाकर सामूहिक मतदाता शपथ लिया गया। सभी जागरूक मतदाता 7 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान देंगे।

## 6 और 7 मई के अखबार के विज्ञापन के लिए पार्टी, प्रत्याशी या अन्य को दो दिन पहले लेना होगा प्रमाणन

**रायगढ़**




लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई और मतदान दिन 7 मई को समाचार पत्र (प्रिन्ट मीडिया) में राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जिला एमसीएमसी रायगढ़ से लिया जाना अनिवार्य है। प्रकाशन की तिथि के कम से कम दो दिन पहले इस प्रमाणन के लिए कोई भी पंजीकृत या अपंजीकृत राजनीतिक दल, कोई भी निर्वाचन लडऩे वाले उम्मीदवार, संगठन, संघ, व्यक्ति का कोई समूह आवेदन कर सकता है।

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के साथ विधिवित सत्यापित प्रतिलेख के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तावित विज्ञापन की दो प्रतियां, विज्ञापन के उत्पादन की लागत, क्या विज्ञापन किसी उम्मीदवार या पार्टियों के चुनाव की संभावनाओं के लाभ के लिए है, से संबंधित विवरण। यदि विज्ञापन किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जारी किया जाता है तो उस व्यक्ति को शपथ पर बताना होगा कि यह राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लाभ के लिए नहीं है और उक्त विज्ञापन किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा प्रायोजित या कमीशन या भुगतान नहीं किया गया है। एक बयान कि सारा भुगतान चेक या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा।

जिला स्तर की एमसीएमसी को यह अधिकार है कि वह किसी विज्ञापन को प्रसारित करने लायक न पाए जाने पर उसे प्रमाणन देने से इंकार कर दे। इस आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राज्य स्तरीय एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है। इसी प्रकार राज्य स्तरीय एमसीएमसी आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर की एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है। राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवेदक से आवेदन प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर एमसीएमसी के निर्णय के बारे में आवेदक को सूचित किया जाएगा। राजनीतिक दल और कोई भी चुनाव लडऩे वाले उम्मीदवार के अलावा तीसरे पक्ष के विज्ञापन पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश रोक नहीं लगाता है, लेकिन आदेश में कहा गया है कि तीसरा पक्ष किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लाभ के लिए या उसके खिलाफ विज्ञापन नहीं दे सकते।

## दिव्यांग जनों ने रैली निकाल 7 मई को मतदान के लिए किया आव्हान

- समाज कल्याण विभाग के संयोजन में स्वयंसेवी संगठनों ने दर्शायी सहभागिता

**रायगढ़**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं समाज कल्याण विभाग के संयोजन में मतदाता जागरूकता के लिए दिव्यांग एवं वृद्ध जनों की सहभागिता में रायगढ़ बाल सदन, दुर्गा मंदिर परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

1 मई को समाज कल्याण विभाग एवं स्वयंसेवी संगठन, मान्यता प्राप्त संचालित संस्थाओं के द्वारा मतदाता जन जागरुकता स्वीप रैली गौशाला चौक से होकर घड़ी चौक, सत्तीगुड़ी चौक होते हुए स्टेशन चौक पहुँची जहां चक्रधर बाल सदन के बालिकाओं के द्वारा 'मै भारत हूँ भारत है मुझमें' गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। रैली में आशा निकेतन वृद्ध आश्रम के वृद्धजन शामिल हुए साथ ही रैली में शामिल दिव्यांग जनों ने जनसामान्य से आह्वान किया कि जब हम ऐसी स्थिति में मतदान करने जा सकते हैं तो आप क्यो नहीं। रैली के दौरान जहां मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रेरक नारा व 7 मई को मतदान का अपील आग्रह किया जा रहा था वहीं रैली आगे बढ़ कर गाँधी प्रतिमा पहुंच कर नंदा सरकुलेशन की नेत्र दिव्यांग बालिकाओं द्वारा मतदाता जागरुकता पर आधारित गीत गाया गया। इसके बाद रैली में शामिल वृद्ध जनों का सम्मान शाल एवं श्रीफल दे कर समाज कल्याण के उप संचालक शिवशंकर पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ ग्रहण के साथ किया गया। रैली में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक भोजराम पटेल, स.क.वि.से उग्रसेन पटेल, उन्नायक सेवा समिति के सदस्य गण, नंदा सरकुलेशन के संचालक सदस्य, रिहेब फाउंडेशन की संचालिका जस्सी फिलिप एवं उनकी टीम, जय बुढ़ी माई सेवा समिति के संचालक सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में समाज कल्याण विभाग के कार्य पालिक प्रमुख कला पथक सुशील सिंह ने आभार व्यक्त किया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480